श्याम हमारे मुरली मनोहर नैया हमारी तू पार लगा दे लिरिक्स

श्याम हमारे मुरली मनोहर,
नैया हमारी तू पार लगा दे,
तेरे सिवा ना कोई हमारा,
नैया हमारी तू पार लगा दे।bd।

तर्ज – और इस दिल में।

खड़ा हूँ दर पे तेरे,
बनके आया भिखारी,
खाली ना लौट जाऊं,
सुनलो हे श्याम बिहारी,
दिखला दे तू जग वालो को,
तू है मेरे साथ,
तू है मेरे साथ,
आजा कन्हैया बनके खिवैया,
नैया हमारी तू पार लगा दे।bd।

फरेबी दुनिया सारी,
महलों में रास रचाए,
तेरे ये सेवक बाबा,
क्यूँ दर दर ठोकर खाए,
थाम ले मुझको अब बाहों में,
मत करना इंकार,
मत करना इंकार,
तेरे भरोसे छोड़ा जमाना,
नैया हमारी तू पार लगा दे।bd।

कहती है दुनिया सारी,
तुझे हारे का सहारा,
बाबा तेरे भरोसे,
चले परिवार हमारा,
'राघव' को क्या लेना जग से,
जब है तेरा साथ,
जब है तेरा साथ,
तेरे भरोसे छोड़ा जमाना।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘माही’ की नैया पार लगा दे,
नैया हमारी तू पार लगा दे।bd।

श्याम हमारे मुरली मनोहर,
नैया हमारी तू पार लगा दे,
तेरे सिवा ना कोई हमारा,
नैया हमारी तू पार लगा दे।bd।

Singer – Raghav Dadhich

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com